हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा




जय अग्रसेन
जय अग्रोहा
जय अग्रवाल
श्री अग्रसेन जी महाराज
की जयंती एवं नवरात्रि पर्व की समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
संजय अग्रवाल
पार्षद वार्ड क्र.09
संजय मोबाइल, न्यू बस स्टेंड, कटघोरा
सतीश धनोंदिया
संरक्षक
पत्रकार संघ कटघोरा
घासीराम अग्रवाल
गणेश प्लाई
मेन रोड, कटघोरा
ओमप्रकाश अग्रवाल
गोयल राईस मिल
कारखाना एरिया कटघोरा
विवेक अग्रवाल
अंबिकापुर रोड
कटघोरा
हितेश गुप्ता
मीडिया प्रभारी
अग्रवाल सभा कटघोरा
नवीन अग्रवाल
किसान ट्रैक्टर्स
कोरबा रोड, कटघोरा
मनोज कुमार अग्रवाल
ब वर्ग ठेकेदार
कारखाना एरिया कटघोरा
ला.रविन्द्र अग्रवाल (रीनू)
सर्वमंगला हार्डवेयर
न्यू बस स्टैंड, कटघोरा
अनुराग अग्रवाल
अनुराग राईस मिल
लखनपुर रोड, कटघोरा
पवन कुमार अग्रवाल
भोलाराम मूलचंद अग्रवाल
मेन रोड, कटघोरा
रवि सिंघल
बाजार मोहल्ला
कटघोरा
भरत मित्तल
महामाया राईस मिल
कारखाना एरिया, कटघोरा
जय गर्ग
अंगूरी एग्रो इंडस्ट्रीज
डूडगा रोड कटघोरा
मुकेश कुमार अग्रवाल
पूजा डेयरी एण्ड आइस्क्रीम, पाली
प्रशांत अग्रवाल
अध्यक्ष-राईस मिल एसोसिएशन, कटघोरा
बाबा फुड प्रोडक्ट्स
मोतीलाल अग्रवाल
दयानंद मोतीलाल अग्रवाल
न्यू बस स्टैंड, कटघोरा
दिनेश गर्ग
रूचि ऑटो
मेन रोड, कटघोरा
ला अंशुल अग्रवाल
विजय मोटर्स
मेन रोड कटघोरा
ला अंकित सिंघल
सिंघल राईस मिल
सुतर्रा, जिला-कोरबा

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

4 सरकारी विभागों में कहीं खराब पड़ी पंचिंग मशीन तो कहीं लगने का है इंतजार



## खबर संक्षेप

### गौधाम संचालन हेतु आवेदन 30 तक

**कोरबा।** जिले में गौधाम संचालन हेतु इच्छुक स्वयंसेवी संस्थानों, एनजीओ, गौशालाओं से रुचि की अभिव्यक्ति 30 सितंबर दोपहर 3 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। गौधाम में निराश्रित, घुमन्तु गौ वंशीय पशुओं तथा जब्त गौवंशीय पशुओं को ही विस्थापित किया जाएगा। गौधाम संचालन हेतु योजना का स्वरुप, स्थापना हेतु भूमि, उद्देश्य, पशु क्षमता, क्रियान्वयन नियंत्रण, अनुसरण, अनुशीलन, गौधाम संचालन हेतु संस्था का चयन, पात्रता, कार्यकाल, दायित्व मानव संसाधन की व्यवस्था, प्रबंधन, योजना का वित्त पोषण एवं शास्ति, गौसेवा आयोग में पंजीयन की प्रक्रिया इत्यादि की जानकारी कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें, कलेक्टोरेट परिसर कोसाबाड़ी, आईटीआई रामपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है। आवेदन हेतु प्रपत्र 7 तथा गौधाम योजना के दिशा निर्देश जिले के वेबसाईट से भी प्राप्त किया जा सकता है।

### भारतीय अग्निवीर में थल सेना भर्ती रैली के लिए पंजीयन 25 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर थल सेना भर्ती में युवाओं का अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चत करने के उद्देश्य से छ0ग0 राज्य के सभी जिलो के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन रायपुर में संभावित है। कोरबा जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अग्निवीर भर्ती थलसेना में 2025-26 में ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी जो निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के इच्छुक हैं। वे अपना उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में उपस्थित होकर 25 सितंबर तक पंजीयन करवा सकतें हैं, ताकि शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का लाभ प्रदान किया जा सके। अधिक जानकारी हेतु दूरभाष क्रमांक 07759-222069 में संपर्क किया जा सकता है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु पंजीयन आज

**कोरबा।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में प्रस्तावित है। रोजगार मेला में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों एवं जिन्होने रोजगार मेला हेतु अधूरी प्रोफाईल जानकारी भरें हैं उनके लिए 22 से 24 सितम्बर तक रोजगार पंजीयन शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा।

### सहकारी समिति लाफा की बैठक 26 को

**कोरबा।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लाफा पंजीयन क्रमांक 3048 की साधारण आमसभा की बैठक 26 सितंबर को दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय में आयोजित किया गया है। संस्था प्रबंधक ने समिति के समस्त सदस्यों को बैठक में अनिवार्य उपस्थिति की अपील की है।

# आज से सड़कों पर लोगों की बढ़ेगी भीड़, यातायात पुलिस ने बनाया नया फिक्स पाइंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आज से मां जगदंबा की आराधना नवरात्रि शुरू हो रही है। जिसके लिए शहर के अलग-अलग स्थान में दुर्गा पंडाल सजकर तैयार हो चुके हैं तो देर शाम होते ही दुर्गा पंडालों में रास गरबा की धूम रहेगी। इस दौरान सड़कों पर लोगों की भारी भीड़ रहेगी। पूरे नवरात्रि के 10 दिनों तक शहर में अलग-अलग मार्गो में लोगों का आना जाना होगा इसलिए ट्रैफिक व्यवस्था में किसी तरह की व्यवधान ना हो और लोग बेहतर ढंग से आना-जाना कर सके इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने नए-नए फिक्स पॉइंट तैयार किए हैं साथ ही पुलिस के अलग-अलग अधिकारियों की तीन टीम गठित की गई है जो शहर के अलग-अलग मार्गो में लगातार पेट्रोलिंग करेगी।

अलग खबर

### तीन पेट्रोलिंग टीम शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में करेगी पेट्रोलिंग

**खास बातें**

- शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में गठित की गई है अधिकारियों की टीम
- दुकानदारों को दी जा रही है समझाइश



उल्लेखनीय है कि शहर के प्रमुख पूजा पंडालों में रास गरबा की धूम रहेगी। नवरात्रि के शुरू दिन से ही शहर के अलग-अलग क्षेत्र में देर शाम होते ही लोगों की भीड़ उमड़ेगी। ट्रैफिक व्यवस्था में किसी तरह का व्यवधान ना हो इसके लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात एएसआई मनोज राठौर व उनकी टीम ने शहर के अलग-अलग क्षेत्र में सुचारू रूप से ट्रैफिक व्यवस्था बनी रहे इसके लिए पूरी तरह से तैयारी कर ली है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों पर यातायात का दबाव कई गुना बढ़ जाता है। इस भीड़ के बीच आम लोगों की आवाजाही सुचारु बनी रहे इसके लिए जिला पुलिस ने तैयारी पूरी कर है। ट्रैफिक पुलिस ने खासकर उन क्षेत्रों को चिह्नित किया है जहां पर रोजाना दोपहर और शाम के समय जाम की स्थिति बन जाती है। इन इलाकों में भीड़ को नियंत्रित करने और यातायात को व्यवस्थित बनाए रखने विशेष योजना बनाई जा रही है। निरीक्षण के बाद पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय समितियों से भी बातचीत की ताकि सडक़ पर अतिक्रमण और पार्किंग की समस्या को नियंत्रित किया जा सके। पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए अलग अलग स्थानों पर ट्रैफिक के जवानों को तैनात किया जाएगा।

## पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के पंतोरा चौकी पुलिस के किया सुपुर्द


# 3 किलोमीटर खोजबीन कर जब मिली लाश तो पेड़ पर लटककर किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नहर में एक युवती की लाश बहता देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जैसे ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची लाश बहुत आगे निकल चुकी थी लेकिन पुलिस लाश का पीछा करते हुए पड़ोसी जिले जा पहुंची और जिला पुलिस की टीम ने युवती के शव को बाहर निकालने के लिए नहर किनारे लगे एक नीम के पेड़ पर चढ़कर इसका सहारा लिया और रस्सी से खींच कर उसे बाहर निकाला और इसके उपरांत वैधानिक कार्रवाई के लिए पड़ोसी जिले की पंतोरा चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। युवती की शिनाख्त नहीं हो पाई है। युवती की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**खास बात**

- उरगा थाना के पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने युवती के शव को निकाला बाहर



पेड़ की डगाल में लटककर शव निकालते पुलिस कर्मी।

फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

मामला उरगा थाना क्षेत्र का है। यहां रविवार की दोपहर एक युवती का शव नहर में बहते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने देखा तो उन्होंने इसकी सूचना उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी को दी। युवती का शव मिलने की सूचना पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे तब तक युवती का शव तेज प्रवाह होने की वजह से बहुत आगे बढ़ चुका था लेकिन पुलिस की टीम ने नहर के रास्ते ही शव का पीछा करना शुरू कर दिया और पीछा करते-करते लगभग 4 किलोमीटर आगे निकल गई और पड़ोसी जिले जांजगीर चांपा के पंतोरा चौकी के क्षेत्र में पहुंच गई। जहां पुलिस ने युवती के शव को निकालने के लिए कड़ी मशक्कत भी करनी पड़ी पुलिस ने अपने सूझबूझ का परिचय भी दिया और बकायदा पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों ने नहर के किनारे लगे एक नीम पेड़ का सहारा लिया। जहां पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों ने नीम के पेड़ पर चढ़कर रस्सी से युवती के शव को पहले बांधा और किसी तरह उसे खींचकर बाहर निकाला गया। इस दौरान पुलिस के अधिकारी कर्मचारियों ने अपनी जान को हथेली में लेकर युवती के शव को बाहर निकाला और पड़ोसी जिले पंतोरा चौकी पुलिस के हवाले कर दिया है और उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने बताया कि युवती की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही के लिए युवती के शव को पंतोरा चौकी पुलिस के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच पंतोरा चौकी पुलिस कर रही है।

### तेज प्रवाह बन रही थी बाधा

हसदेव दर्री बराज बायीं और दायीं तट नहर के माध्यम से ही किसानों को खेती के लिए पानी दिया जाता है। मौजूदा स्थिति में अभी किसानों को खेती के लिए नहर में भरपूर पानी दिया जा रहा है। नहर में पानी की रफ्तार इतनी तेज होती है कि यदि एक बार कोई गिर गया तो उसे बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। जब युवती का शव स्थानीय ग्रामीणों ने देखा था तब उस वक्त जब तक पुलिस पहुंचने पर लाश बहुत आगे निकल चुकी थी। तेज प्रवाह होने की वजह से पुलिस के अधिकारी, कर्मचारियों को लाश को निकालने में खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# चिकित्सकों की टीम ने बेबी एलीफेंट का किया पीएम, पानी में डूबने से हुई थी मौत



पानी में डूबा बेबी एलीफेंट का शव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 10 दिनों पूर्व जन्मे एक बेबी एलीफेंट की हसदेव नदी में डूबने से मौत हो गई। जहां तीन चिकित्सकों की टीम ने मृत बेबी एलीफेंट का पोस्टमार्टम किया। जहां सीसीएफ वाइल्ड लाइफ की उपस्थिति में मृत बेबी एलीफेंट का अंतिम संस्कार किया गया।

**खास बात**

- सीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

कटघोरा वनमंडल में लगातार 50 से अधिक हाथियों का झुण्ड विचरण कर रहा है जिसमें सबसे अधिक केंदई रेंज में हाथियों का बसेरा रहता है। केंदई वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि वन विभाग की गश्ती के दौरान केंदई परिक्षेत्र अंतर्गत कोरबी सर्किल के हसदेव नदी क्षेत्र ओए 719 में बेबी एलीफेंट का शव मिला था। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि शव लगभग 1-2 दिन पुराना था तथा हसदेव नदी के बहाव के साथ बहकर इस स्थान पर आया था। बेबी एलीफेंट की मौत की खबर मिलते ही सीसीएफ वाइल्ड लाइफ बिलासपुर अभिषेक सिंह रविवार को मौके पर पहुंचे थे जहां उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और तीन चिकित्सकों की टीम ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जिसके उपरांत वन विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में बेबी एलीफेंट का अंतिम संस्कार किया गया। प्रारंभिक जांच के दौरान बेबी एलीफेंट की मौत हसदेव नदी में डूबने से हुई है।

### 9 सितंबर को जन्म हुआ था बेबी एलीफेंट का

वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि 9 सितंबर को बेबी एलीफेंट का जन्म हुआ था। पूर्व हाथियों के झुण्ड में शामिल एक गर्भवती हथनी ने केंदई रेंज के उड़ानबहरा- खुरूपारा जंगल में जन्म दिया था। हाथियों का दल क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर विचरण करने के बाद कुछ दिनों पूर्व बच्चे को लेकर पसान रेंज में पहुंच गया था और तनेरा व पनगवां के बीच नदी किनारे डेरा डाल दिया है। 2 माह के भीतर कोरबा जिलें में हाथी के शावक की मौत की यह दूसरी घटना है। इससे पहले कोरबा वनमण्डल के पसरखेत रेंज में एक नवजात शावक जन्म के दूसरे दिन ही निमोनिया नामक बीमारी से ग्रसित हो जाने पर दम तोड़ दिया था।

# 50 से 100 बिस्तरों की ओर बढ़ता सीएचसी की व्यवस्था ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इसका बड़ा उदाहरण बन चुका है।

**खास बात**

- सरकारी दावों पर भारी अस्पताल की हकीकत, इलाज के लिए तरस मरीज



वर्तमान में यह अस्पताल 50 बिस्तरों का है। स्वास्थ्य मंत्री के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने इसे सौ बिस्तर का अस्पताल बनाने की घोषणा की थी और भविष्य में इसे सौ बिस्तरों तक विकसित करने का सपना दिखाया गया है। लेकिन हकीकत में यहां की मौजूदा व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है।

रविवार अवकाश के दिन अस्पताल में डॉ. दिव्या यादव की ड्यूटी थी। मरीज अस्पताल तो पहुंच रहे थे, लेकिन आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने मरीजों के साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें बिना उपचार वापस लौटा दिया। मामले की सूचना मिलते ही स्थानीय मीडिया व भाजपा जिला महामंत्री संजय शर्मा व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल में मौजूद स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई और डॉ. यादव को स्पष्ट शब्दों में समझाया कि डॉक्टर का धर्म मरीजों की सेवा है, न कि अपनी शासकीय नौकरी का गलत फायदा उठाना। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार कर उनका इलाज करना प्राथमिक जिम्मेदारी है। वर्तमान में कटघोरा सीएचसी का प्रभार बीएमओ डॉ. रश्मि सिंह के पास है। इससे पूर्व यह जिम्मेदारी डॉ. रंजना तिर्की के पास थी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीएमओ स्तर पर अस्पताल प्रबंधन में कसावट की भारी कमी देखी जा रही है। डॉक्टर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते। मरीजों को शासकीय स्तर पर मिलने वाली दवाएं और उपचार सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जाती।मजबूरन मरीजों को बाहर से महंगे दामों पर सामग्रियां खरीदनी पड़ती हैं, तभी डॉक्टर या नर्स इलाज करते हैं। पूर्व में भी कई शिकायतों के बाद जिला सीएचएमओ ने रात्रिकालीन निरीक्षण किया था, लेकिन उसके बाद भी व्यवस्थाओं में कोई सुधार नहीं हो पाया।रात्रि के समय अस्पताल में सुरक्षा गार्ड तक मौजूद नहीं होते, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। साथ ही अस्पताल में बुनियादी सुविधाओं और संसाधनों की कमी लगातार उजागर हो रही है। स्थानीय लोगों की मांग है कि कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच हो और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को बेहतर और ईमानदार स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

### ठेका कर्मी ने घर पर लगाई फांसी

**कोरबा।** कुसमुंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर कुसमुंडा एमडी कॉलोनी के पीछे बने बस्ती में निवास करने वाला मिथलेश शाह उम्र लगभग 26 वर्ष पिता कन्हैया शाह ने शनिवार की देर रात घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मिथलेश कुसमुंडा खदान में एक निजी कंपनी में कार्यरत था। शनिवार की शाम वह ड्यूटी से आया और खाना खा कर अपने कमरे में सोने चला गया, रविवार की सुबह 6 बजे परिजनों ने मिथलेश को ड्यूटी जाने के लिए कमरे के बाहर से आवाज लगाई, कुछ देर तक आवाज लगाने के बाद भी कोई जवाब नहीं आया तो दरवाजे के किनारे से झांकने पर मिथलेश लटका हुआ दिखाई दिया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

खेत गए एक ग्रामीण का सामना दंतैल हाथी से हो गया। दंतैल ने उसे पटककर मौत के घाट उतार दिया है। घटना की सूचना मिलने पर वन कर्मियों के पहुंचने के बाद वैधानिक कार्यवाही की गई। परिजनों को प्राथमिक सहायता राशि दी गई। मामला कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज का है। यहां ग्राम तनेरा में निवासरत ग्रामीण धन सिंह 50 वर्ष पिता मोहन सिंह दोपहर को लगभग 3 बजे अपने गांव के समीप पर स्थित खेत की ओर गया हुआ था। खेत से निरीक्षण करते हुए वह जंगल की ओर जहां पहुंचा था। जहां उसका सामना एक दंतैल हाथी से हो गया। दंतैल हाथी ने धनसिंह को पटक पटक कर मौत के घाट उतार दिया। जैसे ही इसकी सूचना ग्रामीणों को मिली ग्रामीण मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों को दी गई। वन विभाग के अधिकारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। बताया जाता है कि देर शाम को हाथी गांव के आसपास ही विचरण कर रहा है। जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि वन विभाग की टीम लगातार पेट्रोलिंग कर रही है और मुनादी कर लोगों को सावधान करने का प्रयास भी कर रही है।

## आज से जीएसटी बचत उत्सव की हुई शुरुआत

# जीएसटी रिफार्म पीएम का देशवासियों को गिफ्ट: लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उपभोक्ताओं, किसानों कारोबारियों और आम परिवारों तक सभी को राहत देने वाले जीएसटी रिफार्म का लाभ 22 सितम्बर से यानी शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन से मिलेगा । इस दिन से जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने जा रहा है। नई जीएसटी दरों के माध्यम से व्यापार को गति मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा पर लगने वाला जीएसटी पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इसके अलावा दवाइयों, ऑक्सीजन और जांच किट पर भी टैक्स घटाया गया है।

उक्त बाते उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने जीएसटी बचत उत्सव शुरू होने के दौरान कही। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इससे इलाज सस्ता होगा और हर सामान्य नागरिक को राहत मिलेगी। सरकार ने वाहनों की खरीद-फरोख्त पर भी राहत दी है। पहले कार और बाइक पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता था, अब इसे घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। यानी सीधे 10 प्रतिशत की कटौती। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि इस निर्णय से न केवल आम नागरिक की गाड़ी खरीदने की क्षमता बढ़ेगी, बल्कि ऑटोमोबाइल सेक्टर को भी बढ़ावा मिलेगा। उत्पादन बढ़ेगा, नए रोजगार उत्पन्न होंगे और अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। मंत्री श्री देवांगन ने जीएसटी रिफॉर्म्स को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देशवासियों को नवरात्रि और दीपावली गिफ्ट बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह निर्णय व्यापार को गति देने वाला है। पहले चार स्लैब 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत लागू थे, लेकिन अब सिर्फ दो स्लैब 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत रखा गया है। 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरें समाप्त कर दी गई हैं। इससे आम उपभोक्ता को सीधी राहत मिलेगी। रसोई से लेकर कृषि, मकान निर्माण से लेकर बड़े हाईवे और इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स, उद्योग और व्यापार हर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। एक सामान्य गृहस्थ परिवार को अब घरेलू खर्चों में सीधी राहत मिलेगी। दूध, दही, पनीर, शैम्पू, टूथपेस्ट, साबुन, साइकिल और बच्चों से जुड़े सामान पर केवल 5 प्रतिशत या शून्य टैक्स लगेगा। इससे न सिर्फ रोजमर्रा के खर्च कम होंगे बल्कि उपभोक्ता की क्रय क्षमता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति ज्यादा खरीद सकेगा तो खपत बढ़ेगी और बाजार में मांग बढ़ने से उत्पादन में और तेजी आएगी। इससे जहां आम जनों को भी फायदा होगा साथ ही उद्योगों को भी लाभ होगा।



लखनलाल देवांगन


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KORBA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ की बैठक संपन्न

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ की बैठक कोरबा पश्चिम में आयोजित किया गया है। बैठक में छत्तीसगढ़ विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ जिला कोरबा का विधिवत गठन करने का निर्णय लिया गया एवं आने वाले समय में संगठन बनाकर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कंप्यूटेशन के रूप में कटौती की जा रही राशि जिसकी गणना 15 साल के लिए किया गया है। उसे माननीय न्यायालय के निर्देशानुसार 11 साल की कटौती निश्चित करने का माँग रखा गया सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ ने यह भी मांग रखा के वरिष्ठ नागरिकों को पूर्व में मिल रहे रेलवे में यात्रा करने वालों को छूट मिलता था, उसे तुरंत बहाल करने की मांग की गई। प्रायः देखने में आया है कि पूरे विद्युत कंपनी के प्रदेश भर के हास्पिटल में दवाइयों की भारी कमी है, जिसके कारण वरिष्ठ नागरिकों को बाजार से दवाई की खरीदी करना पड़ रहा है, जबकि विद्युत कंपनी के नियमानुसार वरिष्ठ नागरिकों को विभागीय चिकित्सालय से दवाई काआपूर्ति करना चाहिए, लेकिन आपूर्ति नहीं की जा रही है। जिसके कारण निर्णय लिया गया की आने वाले समय में आंदोलन की रणनीति बनायी जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से विद्युत प्रभारी राधेश्याम जायसवाल, अखिल भारतीय सेवानिवृत्त कर्मचारी महासंघ मंत्री चंद्रशेखर दुबे, कोरबा जिला की संयोजक नारायण राठौर, कमल नारायण पटेल, गुरुचरण चंद्रा, पुरुषोत्तम साहू, कांशीराम चन्द्रा, प्रशांत द्विवेदी, छोटेलाल ठाकुर, रामानंद प्रसाद राठौर सहित सेवानिवृत कर्मचारी संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन 2 अक्टूबर तक

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी के नेतृत्व में जिले में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा आयुष विभाग के समन्वय से जिले के समस्त प्रा.स्वा.केन्द्रों (आयुष्मान आरोग्य मंदिरों), सामु.स्वास्थ्य केन्द्रों तथा जिला विकित्सालय में दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाए सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने दैनिक स्वास्थ्य शिविर लगाये जाएंगे। जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों की विशिष्ट स्वास्थ देखभाल, आवश्यकताओं को पूरा करना, स्वास्थ्य, पोषण, तंदरूस्ती और प्रधानमंत्री के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने बताया कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान में लगने वाले दैनिक शिविरों में रोगों की प्रारंभिक पहचान, रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्घन पर घ्यान केन्द्रीत किया जाएगा, इस शिविरों में गैर संचारी रोगों, कैंसर, एनीमिया, टीबी, सिकल सेल रोग और मातृ स्वास्थ्य की जाँच एवं उपचार किया जाएगा साथ ही स्वस्थ जीवनशैली, जागरूकता और परामर्श सत्र का आयोजन किया जाएगा।

### थल सेना भर्ती रैली के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु पंजीयन 25 तक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर थल सेना भर्ती में युवाओं का अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चत करने के उद्देश्य से छ0ग0 राज्य के सभी जिलो के लिए अग्निवीर सेना भर्ती का आयोजन रायपुर में संभावित है। कोरबा जिले के युवाओं को अग्निवीर भर्ती में लाभ प्राप्त हो सके इस हेतु निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। अग्निवीर भर्ती थलसेना में 2025-26 में ऑनलाईन परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थी जो निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण के इच्छुक हैं। वे अपना उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में उपस्थित होकर 25 सितंबर तक पंजीयन करवा सकतें हैं, ताकि शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का लाभ प्रदान किया जा सके। अधिक जानकारी हेतु दूरभाष क्रमांक 07759-222069 में संपर्क किया जा सकता है।

### राज्य स्तरीय रोजगार मेला हेतु पंजीयन 22 सितंबर से

**कोरबा।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर को रायपुर में प्रस्तावित है। रोजगार मेला में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों एवं जिन्होने रोजगार मेला हेतु अधूरी प्रोफाईल जानकारी भरें हैं उनके लिए 22 से 24 सितम्बर तक रोजगार पंजीयन शिविर का आयोजन जिला रोजगार कार्यालय कोरबा में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा।

## निधन

### एम वर्गीस



**कोरबा।** एसईसीएल सुराकछर बाकीमोंगरा के पूर्व कर्मचारी एनटी वर्गीस की धर्मपत्नी श्रीमती एम वर्गीस (83 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रही थीं। वे अपने पीछे एक पुत्री व नाती पोतों से भरा परिवार छोड़ गई हैं। उनका अंतिम संस्कार आज कुसमुंडा स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा।

---

#### कर्मचारियों की सही समय पर उपस्थिति के लिए मशीन लगाने का है निर्देश

# सरकारी विभागों में कहीं खराब पड़ी पंचिंग मशीन तो कहीं लगने का है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



**खास बात**

- बिलासपुर से आना जाना करते हैं विभागों के सरकारी कर्मचारी

सरकारी विभागों में कर्मचारियों की लालफीताशाही और मनमानी समय पर दफ्तर पहुंचने की आदत पर लगाम लगाने के लिए पंचिंग मशीन लगाने के निर्देश शासन के द्वारा दिये गये थे। उक्त निर्देशों के तहत पिछले वर्ष लगातार उच्च अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण कर पंचिंग मशीन लगाई गई है जिनमें से कुछ खराब पड़ी हुई है। कुछ दफ्तरों में तो लगने का इंतजार बना हुआ है।

कलेक्ट्रेट परिसर में चलने वाले सरकारी दफ्तरों में पंचिंग मशीन लगाने का काम पिछले वर्ष से तेजी से किया गया था। कलेक्टर के लगातार निर्देश और दौरे के बाद विभाग के उच्च अधिकारी हरकत में आये और अपने अपने दफ्तरों में पंचिंग मशीन लगाने का काम शुरु किये। कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के अंदर चलने वाले दफ्तरों में कई दफ्तर ऐसे हैं जहां पंचिंग मशीन लगी है और अधिकारी कर्मचारी उपयोग भी कर रहे हैं किंतु कुछ दफ्तर ऐसे हैं जिनकी पंचिंग मशीन तकनीकी रुप से खराब नजर आ रही है वहीं कुछ दफ्तरों में सही ढंग से संचालित हो रही है। कलेक्ट्रेट बिल्डिंग के बाहर और परिसर के अंदर जिला पंचायत, महिला बाल विकास विभाग, शिक्षा और पशु चिकित्सा विभाग के साथ नापतौल विभाग संचालित है। इनमें शिक्षा एवं पशु विभाग की पंचिंग मशीन खराब बतायी जा रही है। इनके अलावा उद्यानिकी विभाग, श्रम विभाग, तहसील कार्यालय सहित आरईएस, पीडब्ल्यूडी में भी मशीनें लगी है जो काम नहीं कर रही है।

**किराये में चल रहे हैं सरकारी दफ्तर**

कुछ दफ्तर ऐसे हैं जो शहर में ही किराये पर चल रहे हैं। इसके अलावा आईटीआई परिसर के पीछे नये भवन में कुछ दफ्तर तो संचालित हैं जिनमें समग्र शिक्षा, क्रेडा विभाग एवं विपणन विभाग प्रमुख रुप से संचालित हैं। पंचिंग मशीन नहीं लगी है। इसके साथ ही जिला सहकारी बैंक भी किराये में संचालित है। महिला बाल विकास विभाग की शहरी परियोजना कार्यालय भी किराये के भवन में संचालित हैं। इन विभागों में भी पंचिंग मशीन का आभाव देखा जा रहा है।

**आवास में लगा रहता है ताला**

सरकारी कर्मचारियों को न्यू राजस्व कॉलोनी सहित पुरानी राजस्व कॉलोनी में आवास आबंटित है, इनमें से कुछ आवासों में कर्मचारी आवास लेकर भी रहते नहीं है और बिलासपुर से आना जाना करते हैं। जो सुबह 10.30 बजे के बाद ही कोरबा पहुंचते हैं। जबकि इन कर्मचारियों को स्पष्ट रुप से आबंटित आवास में रहने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन निर्देश का भी असर इन कर्मचारियों पर नहीं पड़ता है। अभी उनके द्वारा बिलासपुर से आना जाना करते हैं। जिला चिकित्सालय के सीएमएचओ कार्यालय के कर्मचारी तो बिलासपुर से आना जाना करते हैं।

---

## महाविद्यालय में नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह



समारोह में उपस्थित छात्र छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय महाविद्यालय हरदी बाजार में नव-प्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागत के लिए वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारियों का बैच लगाकर व पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के शिक्षकगणों द्वारा माता सरस्वती के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। उक्त कार्यक्रम के आयोजन मैं मुख्य रूप से साहिल नामदेव, लकी साहू, दिसू श्रीवास, सौरभ शर्मा, शिवादीप, मयंक दीवान, अनीश, उमेश तिवारी, प्रदीप निर्मलकर, बादल शर्मा, अभिषेक, गौरव यादव, अंजलि धारी, संजना राठौर, साक्षी राठौर, मंजू कर्ष, प्रतिभा पटेल, अनुश्री, खुशी, मोनू गुप्ता, आंचल, देवयानी, प्रतिभा कर्ष, हिंगेश्वरी, रश्मि व सुमन का योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, पूर्व छात्र संघ के पदाधिकारी, एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक एवं लगभग 3सौ की संख्या में नवीन व वरिष्ठ छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

## मुख्य चिकित्सालय कोरबा पूर्व में हुआ सेवा पर्व का शुभारंभ




कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएसपीएम में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व/ पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में कोरबा पूर्व स्थित मुख्य चिकित्सालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा पर्व का शुभारंभ मुख्य अभियंता (उत्पादन) संजीव कंसल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, विजय सेन चैधरी, वरि. मुख्य रसायनज्ञ मालती जोशी एवं मुख्य रसाययनज्ञ गोवर्धन सिंदार के आतिथ्य में एवं चिकित्सकीय सलाहकार डॉ. एससी खरे, की अध्यक्षता एवं अतिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ सीपी जायसवाल की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उनका संदेश लाइव वीडियो स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। उक्त अवसर पर उपस्थित जनों ने प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करने तथा सेवा पर्व के उद्देश्यों को व्यवहार में लाने का संकल्प लिया। साथ ही मुख्य अभियंता कंसल ने बताया की सेवा पर्व के अवसर पर डीएसपीएम संयंत्र में सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग के विरूद्व जन-जागरूकता अभियान, कपड़े की थैलियों एवं पैंम्पलेट का वितरण एवं विभिन्न पर्यावरणीय विषयों पर कार्यशाला/सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा।

---

## कोरबा पावर लिमिटेड में जागरूकता सप्ताह 300 से अधिक लोगों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जागरुकता सप्ताह में उपस्थित अधिकारी एवं छात्र छात्राएं।

कोरबा पावर लिमिटेड (केपीएल) पताड़ी द्वारा 16 से 20 सितम्बर तक अंतर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस एवं सेवा पर्व के अवसर पर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में सयंत्र के कर्मचारियों, हायर सेकंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंगलवार को ओजोन परत दिवस के मौके पर कार्यक्रम की शुरुआत संयंत्र परिसर में कोरबा पावर लिमिटेड के अधिकारियों एवं ठेका कर्मियों सहित 100 से अधिक लोगों द्वारा जागरूकता रैली निकालकर की गई। इस अवसर पर कोरबा पावर लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर समीर मित्रा ने ओजोन परत के महत्व और इसके संरक्षण को सरल शब्दों में समझाया वहीं प्रोजेक्ट हेड सीवी के प्रसाद ने जागरूकता अभियान की सराहना की और कहा कि ऐसे अभियान से जन जागरूकता बढ़ती है। जबकि ओ एंड एम प्रमुख अमोल शरद राव महाले ने पर्यावरण स्वास्थ्य एवं सुरक्षा पर जोर देते हुए धरातल पर उतरने और किए गए कार्यों का रिकॉर्ड बनाकर समीक्षा कर निरंतर सुधार करने की बात कही। केपीएल के पास के गांव सरगबुंदिया में स्कूल के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन एवं निबंध प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर केपीएल के भू-विभाग के प्रमुख विकास ठाकुर, कॉरपोरेट मामले के प्रमुख अतुल गुप्ता एवं स्कूल के शिक्षकों ने प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया तथा कपड़े के बने थैले को प्रदान कर प्लास्टिक बैग को इस्तेमाल न करने का आग्रह किया। पूरे सप्ताह के दौरान नुक्कड़ नाटक, कपड़े के 500 थैलों का वितरण, वृक्षारोपण, ऑनलाइन क्विज, भाषण प्रतियोगिता, वेस्ट से बेस्ट जैसी विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इन आयोजनों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना था। ओजोन परत के संरक्षण के लिए केपीएल के पर्यावरण विभागाध्यक्ष ईशान ताम्रकार के नेतृत्व में लोगों को जागरूक किया गया। सभी प्रतिभागियों ने बड़े ही उत्साह के साथ भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन समारोह 20 सितम्बर को आयोजित किया गया था, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को उनकी उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया गया। यह कार्यक्रम चीफ बिजनेस ऑफिसर के दिशा-निर्देशों के अनुरूप, ओ एंड एम हेड एवं परियोजना प्रमुख के मार्गदर्शन में केपीएल के पर्यावरण विभाग के नेतृत्व में संपन्न किया गया। कोरबा पावर लिमिटेड पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता देता है और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्व को निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह आयोजन पर्यावरण संरक्षण एवं ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित रहा और सेवा पर्व की भावना के अनुरूप रहा।

---

## छग में लव जिहाद और धर्मांतरण रोकने कठोर कानून की जरुरत : राजा




सभा को संबोधित करते टी एस राजा।



रैली निकालते विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- घंटाघर चौक में हिंदुत्सव हुंकार रैली को किया संबोधित
- शहर में निकली बजरंग दल और विहिप की रैली

छग में जिस तरह से धर्मांतरण और लव जिहाद बढ़ रहा है, बड़े पैमाने में हिन्दू धर्मांतरित किए जा रहे हैं उसे रोकने के लिए छग में कठोर कानून की जरुरत है और अगर सरकार इसपर गंभीर नहीं होती है और कानून नहीं बनाती तो आने वाले समय में छग में कभी भगवाराज नहीं आएगा।

उक्त बातें घंटाघर में विहिप और बजरंग दल के आयोजित हिन्दूत्व हुंकार रैली को संबोधित करते हुए तेलंगाना के विधायक और हिन्दूवादी नेता टीएस राजा ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा को वोट हिन्दू देता है उसके राज में वे ही सुरक्षित नहीं है। छग के आदिवासी इलाकों में धर्मांतरण और लव जिहाद जिस तेजी से चल रहा है उससे यहां के हिन्दूत्व संस्कृति और धर्म पर संकट खड़ा हुआ है। प्रदेश की भाजपा सरकार को लव जिहाद और धर्मांतरण रोकने के लिए कठोर कानून बनाने की आवश्यकता है। सरकार अगर इस दिशा पर गंभीर नहीं हुई तो आने वाला समय उसके लिए कठिन हो जाएगा। श्री राजा ने आगे कहा कि कोई यहां के भाजपा नेताओं को कहते हैं कि वे अपने हिन्दूत्ववादी विचारधारा पर आगे बढ़कर कार्य करें। आश्चर्य की बात है कि एक तरफ लव जिहाद कराया जा रहा है तो दूसरी तरफ आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग को बहकाकर धर्मांतरण कराया जा रहा है। श्री राजा ने कहा कि हिन्दूओं को बचाने के लिए वर्तमान में आरएसएस और विहिप तथा बजरंग दल ही कार्य कर रहे हैं और अन्य दल इसके लिए गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि हिन्दू को अपने अधिकारियों के लिए लड़ना होगा और बोलना होगा तब जाकर हिन्दू संस्कृति और हिन्दू धर्म सुरक्षित रह सकेगा। सभा को कैबिनेट मंत्री खुसवंत साहेब ने भी संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने टीपी नगर चौक से लेकर शहर के प्रमुख मार्ग होते हुए विधायक टीए राजा की अगुवानी में एक बड़ी रैली निकाली।

---

## पांच शक्तिपीठों की अखंड ज्योति का दर्शन पूजन करने सप्तदेव मंदिर में जुटा जनसमूह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश में स्थित पांच सिद्ध शक्तिपीठ से लाई गई देवी की अखंड ज्योति की यात्रा कोरबा शहर में निकाली गई। रास्ते में अनेक स्थान पर यात्रा का लोगों ने स्वागत सत्कार किया और ज्योति के दर्शन किए। धूमधाम से यह यात्रा स्टेशन रोड स्थित सप्तदेव मंदिर पहुची।

मीनाक्षीपुरम, पावागढ़, मैहर, कामाख्या देवी गुवाहाटी और वैष्णो देवी से देवी की अखंड ज्योति लाई गई है। इसी सप्ताह श्रद्धालुओं का समूह अखंड ज्योति देने के लिए सड़क मार्ग से देश के उपरोक्त स्थान के लिए रवाना हुआ था। अखंड ज्योति के कोरबा पहुंचने पर इन्हें अलग-अलग धार्मिक स्थलों पर रखा गया और नवरात्रि से ठीक पहले उनकी यात्रा निकाली गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति सहित श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। हर तरफ माता का जय घोष हुआ और लोगों ने इसी के साथ दर्शन पूजन किया। सप्तदेव मंदिर पहुंचने तक यही क्रम चला। समिति के सदस्यों ने बताया कि आश्विन नवरात्र पर देवपहरी मेम हिंगलाजगढ़ अखंड ज्योति की स्थापना की जाएगी और विधि-विधान के साथ इनका पूजन किया जाएगा। श्रद्धालुओं को एक ही स्थान पर देवी सिद्धिदात्री सहित इन शक्तिपीठों की ज्योति के दर्शन होंगे। गोमुखी सेवा धाम देवपहरी क्षेत्र में हिंगलाजगढ़ का निर्माण कराया गया है जिसे शक्ति संपन्न क्षेत्र बनाने की कोशिश की जा रही है। योजना यह भी है कि इस नवरात्र पर हिंगलाज देवी के नाम से प्रतीकात्मक ज्योति कलश स्थापित कर उसकी पूजा की जाएगी।



---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रजगामार प.ह.नं 10 रा.नि.मं. पसरखेत तह. भैसमा, जिला कोरबा छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 338/1/घ, रकबा 2.03 हे. भूमि जो कि वर्तमान के बी-1 खसरा में घनश्याम गुप्ता पिता-मोतीलाल के नाम पर दर्ज है, उक्त भूमि को मेरे असामी स्मित कुमार सिंह पिता-विजय कुमार सिंह निवासी-कोरबा, तह. व जिला कोरबा द्वारा क्रय किये जाने का सौदा तय किया गया है। जिसकी निकट भविष्य में रजिस्ट्री होना है। उक्त भूमि के क्रय विक्रय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/ बैंक को दावा आपत्ति हो इस ईश्तहार प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें समयावधि पश्चात किया गया दावा व आपत्ति अमान्य व अस्वीकार होगा।

।सो सूचना जाने।

भवदीय
आर.के. उपाध्याय
(अधिवक्ता)
जिला एवं सत्र न्यायालय
कोरबा, जिला कोरबा (छ.ग.)
मो-9993751509

---

## संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा देवराहा बाबा की स्मृति में विश्वकर्मा जयंती के दिन से शुरु किए गए संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का समापन रविवार को रामजानकी मंदिर में किया गया। इस अवसर पर राजपूत क्षत्रिय समाज के अवधेश सिंह, छन्नू सिंह सहित समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे। एक सप्ताह तक चले इस आयोजन में शहर और उपनगरीय क्षेत्र के श्रद्धालु हनुमान चालीसा पाठ और 5 दिवसीय यज्ञ में शामिल हुए।



---

**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE**

ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742


!! जय अग्रोहा !!
!! जय अग्रसेन !!
!! जय अग्रवाल !!
श्री अग्रसेन जी महाराज
की जयंती एवं नवरात्रि पर्व की समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
लायन राकेश गोयल
परिधान गारमेंट्स
मेन रोड, कटघोरा
लायन दीपक गर्ग
हेलो गर्ल्स बाजार मोहल्ला कटघोरा
लायन नरेंद्र अग्रवाल
ज्योति कूलर फैक्ट्री एन्ड ज्योति सेल्स
नवागांव रोड कटघोरा
लायन मनोज अग्रवाल
गोमती फ्यूल्स
अम्बिकापुर रोड कटघोरा
लायन राकेश बंसल
सुदामा टाईल्स
मेन रोड कटघोरा
लायन राजकुमार अग्रवाल
राज किराना स्टोर्स ( छुरी)
लायन हुकुमचंद अग्रवाल
राज हार्डवेयर (छुरी)
लायन टेकचंद अग्रवाल
फर्म-ओम इंटरप्राइजेज
मेन रोड छुरी
ला अभिषेक अग्रवाल
चार्टर्ड अकाउंटेंट
न्यू बस स्टैंड कटघोरा
ला नितिन मित्तल
गृहस्थी सुपर बाजार
मेन रोड कटघोरा
लायन प्रकाश अग्रवाल
अंजनी हार्डवेयर-अम्बिकापुर रोड कटघोरा
लायन नरेंद्र मित्तल
फर्म-नरेंद्र ज्वेलर्स मेन रोड़ कटघोरा
लायन विकास अग्रवाल
महामाया फेब्रिकेटर्स अम्बिकापुर रोड कटघोरा
लायन जितेंद्र अग्रवाल
महाबली जनरल स्टोर्स
न्यू बस स्टैंड कटघोरा
लायन भरत अग्रवाल
भरत ऑटो पार्ट्स
मेन रोड, कटघोरा
लायन अतुल मित्तल
मित्तल राईस मिल
कारखाना एरिया कटघोरा
लायन जय अग्रवाल
अग्रवाल प्रॉपर्टीज रायपुर
लायन सांवरिया मित्तल
मुख्य मार्ग कटघोरा
लायन राजकुमार अग्रवाल
फर्म-राज प्रोविजन स्टोर
गायत्री धर्मशाला के पास कटघोरा
लायन गणेश अग्रवाल (छोटू)
संजय मोबाईल
न्यू बस स्टैंड कटघोरा


महाराजा श्री अग्रसेन जी
की जयंती समारोह में पधारे सभी अग्रबंधुओं का
नंदन, वंदन, अभिनंदन
मुख्य अतिथि
श्री गोपाल मोदी
जिला अध्यक्ष-भाजपा, कोरबा
श्री सत्यनारायण जी धनोंदिया
संरक्षक
श्री कृष्ण कुमार जी मित्तल
संरक्षक
श्री रामनाथ जी सिंघल
संरक्षक
श्री बजरंग लाल जी अग्रवाल
संरक्षक
श्री राजकुमार जी अग्रवाल
संरक्षक
विशिष्ट अतिथि
श्री योगेश जैन
अध्यक्ष-जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रिज, कोरबा
श्री सागरमल जी धनोंदिया
संयोजक
श्री रतन मित्तल जी
संयोजक
पवन अग्रवाल (ज्योति)
अध्यक्ष
सुरेश बंसल
उपाध्यक्ष
अभिषेक गर्ग
सचिव
राकेश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
कार्यकारिणी सदस्यः-श्री सत्यनारायण जिंदल (अम्बे हार्डवेयर), श्री अशोक गोयल (राहुल रोड लाईन), श्री अक्षय गर्ग, श्री भरत मित्तल, श्री बजरंग अग्रवाल, श्री मनोज बंसल, श्री अनुराग अग्रवाल, श्री नरेन्द्र मित्तल, श्री नवीन अग्रवाल (राघवशंकर राईस मिल), श्री प्यारे लाल अग्रवाल, श्री रवि सिंघल, श्री राजकुमार अग्रवाल (नारियल वाले), श्री संजय गोयल, श्री लक्ष्मी गर्ग, श्री संजय सिंघल (पार्षद), श्री जय प्रकाश अग्रवाल, श्री संजय धनोंदिया, श्री रिक्कू अग्रवाल, श्री ओमप्रकाश अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल (अग्रवाल एजेंसी),श्री अतुल मित्तल, श्री राकेश गोयल, श्री हनुमान गर्ग, श्री शिव मित्तल, श्री प्रशांत अग्रवाल, श्री पवन गोयल (शारदा), श्री विकास अग्रवाल (विक्की वेल्डींग), श्री प्रदीप अग्रवाल (छुरीवाले), श्री विकास अग्रवाल (लाला जी), श्री पवन अग्रवाल (जयनारायण), श्री सोनू अग्रवाल (कारखाना), श्री शंकर गर्ग, श्री श्याम सुंदर अग्रवाल, श्री कैलाश अग्रवाल, श्री राजकुमार अग्रवाल, श्री अनिल अग्रवाल (बाजार मोहल्ला), श्री रानू अग्रवाल (सर्वमंगला हार्डवेयर), श्री शिव अग्रवाल (शुभकामना गारमेंट्स), श्री दिनेश अग्रवाल (ढेलवाडीह), श्री अशोक अग्रवाल (रजकम्मा), श्री मोहन अग्रवाल (गुरसिंया), श्री मुकेश अग्रवाल (पाली), श्री प्रवीण अग्रवाल (जटगा), श्री दुर्गा अग्रवाल, श्री गोपाल मित्तल, श्री विजय बंसल, श्री राजू अग्रवाल, मनोज गोयल (कारखाना)
विधिक सलाहकार-श्री सुरेश केडिया जी, मीडिया प्रभारी-श्री अजय धनोंदिया, श्री हितेश अग्रवाल, भवन आरक्षण प्रभारी-श्री रमेश अग्रवाल (भवानी)
भवन निर्माण समिति- श्री पवन अग्रवाल (अध्यक्ष), श्री घासीराम अग्रवाल, श्री अनिल मित्तल, श्री अनिल अग्रवाल (पाले), श्री चन्द्रप्रकाश सिंघानिया, श्री संतोष अग्रवाल, श्री रमेश अग्रवाल, श्री शंकरलाल अग्रवाल


सभी जिलेवासियों को अग्रसेन जयंती, नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई
महाराजा श्री अग्रसेन जी
की जयंती समारोह में पधारे
सभी अतिथियों का
हार्दिक अभिनंदन
अमन गोयल
अध्यक्ष
अग्रवाल नवयुवक मंडल, कटघोरा
अंजनेय गोयल
उपाध्यक्ष
अग्रवाल नवयुवक मंडल, कटघोरा
लायन लव अग्रवाल
सचिव
अग्रवाल नवयुवक मंडल, कटघोरा
लायन शुभम मित्तल
कोषाध्यक्ष
अग्रवाल नवयुवक मंडल, कटघोरा
अग्रवाल नवयुवक मंडल, कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.)


श्री अग्रसेन जयंती
नवरात्रि पर्व की
पूरे जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
मनोज अग्रवाल
उपाध्यक्ष
सम्भागीय अग्रवाल महासभा बिलासपुर
जिला चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज, कोरबा


सागरमल धनोंदिया
पूर्व अध्यक्ष-अग्रवाल सभा कटघोरा
सम्माननीय समस्त अग्र बंधुओं को
श्री अग्रसेन जयंती एवं नवरात्रि पर्व की
पूरे जिलेवासियों को हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं...
अशोक अग्रवाल
रजकम्मा
-:फर्म:-
मे. धनेश प्रसाद सालिक राम अग्रवाल
रजकम्मा, मो.91092-85944
मे.मां संतोषी राइस मिल
रजकम्मा, मो.99267-75222
में. मां संतोषी चावल उद्योग
रजकम्मा, मो.93400-85289
में. मां संतोषी फूड्स
रजकम्मा, मो.96696-50676
राहुल अग्रवाल


कटघोरा क्षेत्र के हरिभूमि के समस्त सुधी पाठकों को अग्रसेन जयंती एवं नवरात्र पर्व 2025 की ढेर सारी शुभकामनाएं...
लायन अजय धनोंदिया
अध्यक्ष -पत्रकार संघ कटघोरा, डिस्ट्रिक्ट पी.आर.ओ. डिस्ट्रिक्ट-3233 सी., संरक्षक-लायंस क्लब कटघोरा-छुरी
जिला उपाध्यक्ष-चेम्बर ऑफ कामर्स कोरबा, संरक्षक -मारवाडी युवा मंच कटघोरा, संवाददाता-हरिभूमि कटघोरा, उपाध्यक्ष -भाजपा मंडल कटघोरा,
मीडिया प्रभारी- अग्रवाल सभा कटघोरा, जिला महामंत्री -अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन कोरबा, सदस्य - छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन


भगवान अग्रसेन की जय
श्री श्री 1008 महाराजा अग्रसेन जयंती
पर जिले के सभी अग्र बंधुओं को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
श्री राकेश जालान जी
मुख्य अतिथि
नगर पालिका परिषद पेंड्रा
प्रेम अग्रवाल
अध्यक्ष
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
महेश अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
बैजनाथ अग्रवाल
उपाध्यक्ष
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
मनोजअग्रवाल
सचिव
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
सुरेश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
सुरेश अग्रवाल
सह सचिव, मुख्य प्रभारी जयंती कार्यक्रम
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
विनोद अग्रवाल
सदस्य
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
विनोद अग्रवाल
सदस्य
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
गौरीशंकर अग्रवाल
सदस्य
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
दीपक अग्रवाल
सदस्य
अग्रवाल सभा
दर्री-जमनीपाली
सत्याभामा अग्रवाल
संरक्षक/पूर्व अध्यक्ष
संगीता पालीवाल
अध्यक्ष
मंजू अग्रवाल
सचिव
मंजू अग्रवाल
कोषाध्यक्ष
मनीष अग्रवाल
राष्ट्रीय संयोजक
अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच
सुमित अग्रवाल
प्रदेश उपाध्यक्ष
छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच
आशीष अग्रवाल
पूर्व अध्यक्ष
मारवाड़ी युवा मंच, दर्री जमनीपाली
राकेश गोयल
पूर्व अध्यक्ष
मारवाड़ी युवा मंच, दर्री जमनीपाली
प्रतीक अग्रवाल
अध्यक्ष
मारवाड़ी युवा मंच, दर्री जमनीपाली
अजय मित्तल
सदस्य
मारवाड़ी युवा मंच, दर्री जमनीपाली


महाराजा श्री अग्रसेन जयंती समारोह
सोमवार, 22 सितंबर 2025
के अवसर पर
हार्दिक बधाई
श्री राजेन्द्र अग्रवाल
अध्यक्ष
अग्रवाल सभा, कोरबा
श्री सुनील जैन(टोनी)
अध्यक्ष
श्री पवन अग्रवाल
सचिव
श्री पुरुषोत्तम गुप्ता
कोषाध्यक्ष
मुख्य अतिथि
मान. श्री राजेश अग्रवाल जी
रीयल इस्पात एण्ड पावर लिमिटेड, रायपुर
श्री सजन अग्रवाल
उपाध्यक्ष
श्री दिव्यानंद अग्रवाल
उपाध्यक्ष
सी.ए. आशीष खेतान
उपाध्यक्ष
श्री श्यामलाल अग्रवाल
उपाध्यक्ष
सी.ए. आशीष अग्रवाल
उपाध्यक्ष
इंजी. योगेश कुमार गोयल
उपाध्यक्ष
श्री जितेन्द्र अग्रवाल
उपाध्यक्ष
श्रीमती भगवती अग्रवाल
उपाध्यक्ष
श्रीमती सुमन अग्रवाल
उपाध्यक्ष
श्रीमती रितु बुधिया
उपाध्यक्ष
श्री उत्कर्ष अग्रवाल
सह सचिव
सी.ए. अभिषेक अग्रवाल
सह कोषाध्यक्ष
श्री कीर्ति अग्रवाल
जन संपर्क प्रमुख
श्रीमती प्रतिभा अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य
श्रीमती शीतल बजाज (इंजी.)
कार्यकारिणी सदस्य
श्री अमित अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य
श्री सौरभ अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य
श्री संजय केडिया
कार्यकारिणी सदस्य
श्री कृष्णा अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य
श्री अरूण अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य
श्रीमती प्रियंका अग्रवाल (इंजी.)
कार्यकारिणी सदस्य
श्रीमती सुमन केडिया
कार्यकारिणी सदस्य
श्रीमती आभा अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य
श्री अमित अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य
श्री सोनल कुमार अग्रवाल (इंजी.)
कार्यकारिणी सद.य
श्री राज सिंघल
कार्यकारिणी सदस्य
श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, कोरबा

## खबर संक्षेप



### एफएलएन मेला व हस्तशिल्प प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**कोरबा।** विकासखंड मुख्यालय से 30 किमी दूर सुदूर वनांचल क्षेत्र में स्थित प्राथमिक शाला सोनगुढा संकुल चुईया मे प्रधानपाठक श्रीमती बरखा जायसवाल के नेतृत्व में एफएलएन मेला व हस्तशिल्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यालय के छोटे छोटे बच्चों के द्वारा शिक्षकों के मार्ग दर्शन में टीएलएम का निर्माण कर पूरी समझ के साथ प्रदर्शन किया गया। बच्चों के द्वारा बनाई गई मिट्टी व बांस से बनी सामग्री आकर्षण का केंद्र रही। आयोजन में संकुल समन्वयक भूपेंद्र कुमार भरद्वाज व विकास खंड प्रभारी श्रीमति ज्योति श्रीवास का योगदान रहा। विद्यालय के शाला प्रबंध समिति के सदस्य एवं ग्राम वासियों का सहयोग। विद्यालय मे इस अवसर पर डाइट के प्राचार्य राम हरि शराफ, जिला प्रभारी किरणलता शर्मा, सोनपुरी हाई स्कूल के प्राचार्य चंद्र कुमार शर्मा, नीराला, विकास खंड प्रभारी ज्योति श्रीवास, डीआरजी परमेश्वर बंजारे, बीआरजी शैल श्रीवास, निशा अग्रवाल, सुरेश चौहान व चुईया संकुल समन्व्यक भूपेंद्र कुमार भारद्वाज व संकुल के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### जर्जर सड़क की मरम्मत को लेकर कलेक्टर से की गई



शिकायत

**रजगामार।** एसईसीएल रजगामार कॉलरी के द्वारा रिस्दी चौक से रजगामार मेन रोड में गुणवत्ताहीन सड़क मरम्मत कराया गया है जो सालभर की बारिश से ही जर्जर हो गई। उक्त सड़क लोगों के आवागमन में सहायक न होकर लोगों के लिये एक समस्या बन गई है जहां पर आये दिन दुर्घटना घटित होते रहती है। उक्त निर्मित सड़क में बड़े-बड़े गडढे बन गये हैं जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। रामपुर विधानसभा के मीडिया प्रभारी पुष्पेंद्र डडसेना ने इसकी शिकायत कलेक्टर से की है। परंतु सड़क मरम्मत के नाम पर एसईसीएल प्रबंधन केवल खानापूर्ति करती है। सड़क निर्माण में गुणवत्तायुक्त सामानों का उपयोग न कर केवल खानापूर्ति करने का काम किया जा रहा है। बरसात के दिनों में पानी का जमाव हो जाता है जिसके कारण आना जाना प्रभावित हो जाती है। उक्त सड़क के प्रतिदिन अनगिनत संख्या में भारी वाहनों जैसे ट्रक हाईवा, बस इत्यादि का आवागमन होते रहता है सड़क के खराब होने के कारण उक्त भारी वाहनों के आवागमन से पूर्व स्थित गड्ढे बड़े रूप ले रहे है जिस कारण से भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना कारित होने की पूर्ण संभावना है। जिसे देखते हुए स्थानीय लोगों में आक्रोश व्यापत है।

### बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले को 1 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक



**बालको।** 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा बॉक्सिंग प्रतियोगिता जो कि 16 से 18 सितम्बर तक रायपुर में आयोजित थी। जिसमें बालक वर्ग 14,17,19 वर्ष एवं बालिका 14,17,19 वर्ष की प्रतियोगिता आयोजित हुई । जिसमें जिले कुल 9 बॉक्सर्स का चयन राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ था । जिसमें कोच के रूप में पल्लवी तिर्की और मोहम्मद आरिफ टीम के साथ उपस्थित थे। बालिका वर्ग 17 वर्ष परिधि नेमि 42-44 किलो, बालक 14 वर्ष अंश गुप्ता 48- 50 किलो कांस्य पदक, प्रियांशु शर्मा 32-34 किलो कांस्य पदक, बालक- 17 वर्ष हर्ष यादव 48-50 किलो स्वर्ण पदक, आमीन खान 54-57 किलो रजत पदक, बालक 19 वर्ष निशांत वस्त्रकार 46- 49 किलो कांस्य पदक, अविनाश प्रमाणिक 49- 52 किलो कांस्य पदक, कृष्णा तोमर 60- 64 किलो, सुयश नामदेव 69-75 किलो ने इस प्रतियोगता में भाग लिया। जिसमें जिले को कुल मेडल 1 स्वर्ण, 1 रजत और 4 कांस्य पदक प्राप्त हुआ। जिसमें बालक 17 वर्ष में हर्ष यादव का चयन राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता अरुणाचल प्रदेश के लिए हुआ।

## शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में तैयार किये गये डांडिया पंडाल

# आज से जलेंगे मनोकामना ज्योति कलश पंडाल में दिखेगा माता की भक्ति का गरबा



मनोकामना ज्योति कलश।



शिवाजीनगर डांडिया पंडाल मुख्यद्वार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर और उपनगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण अंचलों के पहाड़ों में विराजी

**खास बात**

- दुर्गोत्सव समिति ने बनाया है कार्यक्रम की रूपरेखा

आदिशक्ति के दरबार में सोमवार से मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित हो जाएंगे और इसी के साथ ही शाम होते ही आदि शक्ति की भक्ति का नृत्य गरबा डांस की भी शुरुआत हो जाएगी। क्वांर नवरात्री का पर्व विशेषकर डांडिया और गरबा के लिए जाना जाता है जिसके लिए आकर्षक ढंग से दुर्गोत्सव समिति के द्वारा पंडालों को संजाया गया है।

शहर में लंबे समय से शिवाजी नगर में क्वांर नवरात्रि के अवसर पर गरबा नृत्य का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है। बीते 31 साल से गरबा नृत्य समितियों के द्वारा आयोजित किया जाता है। जिसके लिए समिति ने पंडाल के अंदर तक जाने के लिए मुख्यद्वार बनाया है वह अपने आप में आकर्षण लगा है। मुख्यद्वार के दोनों ओर और उपर टोकरी लगाई गई है। जो लाईटिंग में एक अलग शोभायान नजर आती है। जैसे ही आम श्रद्धालुओं को बांस की टोकरी से बने मुख्यद्वार के अंदर प्रवेश करेंगे। उन्हें इस बात की अनुभूति होगी कि वह किसी प्राचीन गुफा के अंदर से गुजर रहे हैं। इसके अलावा एमपी नगर, सिंचाई कॉलोनी साडा कॉलोनी जमनीपाली के साथ टीपी नगर के पार्टीदार भवन तथा इंदिरा विहार दुर्गोत्सव समिति में डांडिया नृत्य पंडाल सजाया गया है। उपनगरीय क्षेत्र गेवरा दीपका, बांकीमोंगरा और बालको नगर में भी डांडिया नृत्य के लिए समितियों के द्वारा डांडिया पंडाल तैयार कराये गये हैं।

### सिडनी, कैलोफोर्निया और लंदन के निवासियों ने भी जलाये ज्योति कलश

शहर के सर्वमंगला मंदिर में यूएसए के कैलोफोर्निया, आस्ट्रेलिया की सिडनी एवं एराबर्न तथा लंदन में निवास कर रहे शहर के लोगों ने भी मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित किए हैं। इनमें हरिद्वार सिंह शुभदीप सिंह कैलोफोर्निया, जेवीएन कुमार लंदन, अगित मेघा, आरिका आस्ट्रेलिया की सिडनी, सौरभ ठाकुर वेल्स सिडनी और बिहाना यादव यूएसए के एराबर्न में निवास करती हैं। जिनके द्वारा इस वर्ष भी मां सर्वमंगला के दरबार में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित कराये हैं।

### यहां प्रज्जवलित हो रहे ज्योति कलश

| मंदिर | तेल | घी |
| --- | --- | --- |
| सर्वमंगला मंदिर | 9000 | 850 |
| चैतुरगढ़ | 930 | 260 |
| मड़वारानी | 840 | 230 |
| भवानी मंदिर | -- | -- |

### मड़वारानी, चैतुरगढ़ में आज से बढ़ेंगी रौनक

क्वार नवरात्रि का पर्व शुरु होते ही मड़वारानी पहाड़, चैतुरगढ़, चेपारानी, डंगनाई देवी, कोसगाई देवी आदि पहाड़ों में विराजी आदिशक्ति के दरबार में सोमवार से 9 दिन तक चलने वाली भक्ति का रंग नजर आयेगा। भक्त पहले दिन से ही आदिशक्ति की अराधना के लिए पहाड़ों में चढ़ना शुरु कर देंगे। पहाड़ों के अलावा मैदानी क्षेत्र के देवी मंदिरों में भी मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित किये जाते हैं। इनमें पुरानी बस्ती दुर्गा मंदिर, बालको काली मंदिर, कंगालीन देवी मंदिर, कटघेरा के दुर्गा मंदिर इन सभी मंदिरों में मनोकामना ज्योतिकलश के लिए रसीद कटाई जा रही है। मंदिर समितियों के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर व्यापक स्तर पर प्रबंधक किये गये हैं।

### साडा कॉलोनी में आज से शुरू होगी गरबा-डांडिया

शारदीय नवरात्रि के शुभारंभ के साथ ही शहर में गरबा डांडिया की धूम भी शुरू हो जाएगी। गरबा डांडिया उत्सव समिति साडा कॉलोनी में तैयारी पूरी कर ली गई है। शाम से डांडिया उत्सव का आगाज हो जाएगा। खासकर यहां की गई जगमगाती लाइटिंग और म्यूजिक की व्यवस्था से आकर्षित बड़ी संख्या में डांडिया प्रेमी पहुंचते हैं। इस बार भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। नगर निगम आवासीय परिसर निहारिका में गरबा डांडिया उत्सव समिति, साडा कॉलोनी द्वारा यह 5वें वर्ष सार्वजनिक उत्सव आयोजित किया जा रहा है। डांडिया स्थल पर लाइट और डेकोरेशन का प्रबंध हर साल सभी के आकर्षण का केंद्र होता है। समिति के अध्यक्ष रविप्रकाश महंत, उपाध्यक्ष प्रणय तायड़े, उपाध्यक्ष साहिल यादव, कोषाध्यक्ष कमलकांत समेत सभी का योगदान महत्वपूर्ण है।






पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### पड़ोसी की हत्या करने वाले पति, पत्नि को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साजापानी निवासी निखिल कुमार चौहान उम्र 20 वर्ष पिता शत्रुहन चौहान ने थाने में 20 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसके पिता शत्रुहन चौहान का वाद विवाद 2-3 वर्ष पूर्व से उसके पड़ोस में रहने वाले उत्तरा चौहान और उसकी पत्नि जानकी चौहान के साथ गाली गलौच छेड़छाड़ करने की बात को लेकर चल रहा था कि इसी रंजिश के कारण 19 सितंबर की रात्रि लगभग 7 बजे उसके पड़ोसी उत्तरा चौहान अपनी पत्नि जानकी चौहान के साथ मिलकर एकराय होकर उसके पिता शत्रुहन चौहान से झगड़ा गाली गलौच करते हुए उसके दोनो हाथ को नीला रंग के गमछा से एवं दोनो पैर को नीला सफेद रंग की रस्सी से बांधकर उसे हाथ मुक्का लात, लाठी-डंडा से मारपीट कर सिर, सीना, पीठ, हाथ-पैर में गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दिया गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 103(1),3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले के आरोपी उत्तरा चौहान उम्र 34 वर्ष पिता भुवन लाल चौहान, जानकी देवी चौहान उम्र 28 वर्ष पति उत्तरा कुमार चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

## जयघोष के साथ शक्तिपीठों की ज्योति यात्रा निकली देवपहरी के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आश्विन नवरात्र पर हिंगलाजगढ़ देवपहरी में पांच शक्तिपीठों की अखंड ज्योत स्थापित होना है। आज उन्हें सप्तदेव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद धूमधाम से रवाना कर दिया गया। बड़ी संख्या में भक्तजन इस यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान यात्रा मार्ग पर देवी के जयकारे गूंजते रहे।

वैष्णो देवी, मिनाक्षी मंदिर कांचीपुरम, कामाख्या मंदिर गुवाहाटी, कालिका मंदिर पावागढ़ और शारदा शक्तिपीठ मैहर से यह ज्योति पहुंची है। इनके साथ ही सिद्धिदात्री मंदिर और ब्लूचिस्तान के हिंगलाज मंदिर की अखंड ज्योति भी यहां प्रज्ज्वलित होना है। नवरात्र के प्रथम दिवस संकल्प के साथ इन सभी की स्थापना देवपहरी में होगी। रविवार को सुबह सीतामणी रोड स्थित सप्तदेव मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इस परंपरा का निर्वहन करने के बाद सभी ज्योतियों को रवाना किया गया। कोरबा नगर से होकर निकली यात्रा का मुख्य मार्ग पर अनेक जगह दर्शन, पूजन करने के लिए लोग उत्साहित दिखे। रूमगरा चौक, शिवनगर, चुईया, सोनपुरी और अजगरबहार में लोगों ने ज्योति यात्रा के स्वागत के लिए अपनी ओर से तैयारी कर रखी थी। उन्होंने यात्रा पहुंचने के कई घंटे पहले ही भजन-कीर्तन का क्रम शुरू किया और इसके माध्यम से आध्यात्मिक वातावरण तैयार किया। कुछ देर विश्राम के बाद यात्रा सतरेंगा पहुंची, जहां पर इसका स्वागत हुआ। रात्रि को गढ़ उपरोड़ा इसका अंतिम पड़ाव रहा।

## घर में चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कुम्हार मोहल्ला रेत घाट निवासी जवा कुम्हार उम्र 35 वर्ष पिता बली राम कुम्हार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 31 अगस्त की दोपहर 3:30 बजे से 18 सितंबर के 1 बजे के मध्य जवा कुम्हार पेंटिंग के काम से दो सप्ताह पहले अपने गृहग्राम डिकसी जिला जांजगीर चाम्पा गया हुआ था। जब वह वापस घर आया तो देखा कि घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था घर के अंदर से सिलाई मशीन, सीलिंग पंखा, होम थेयटर, ड्रील मशीन, कांस का लोटा, नगद 5 हजार रुपए सहित कुल 10 हजार रुपए कीमती सामानों की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी कर लिया गया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी खोजबीन कर रही थी। विवेचना के दौरान मुखबीर से पता चला कि चोरी के सामान को आरोपी अभिनेश उर्फ टिकलू चोरी के सामान को मनीष बसोड के घर छिपा कर रखे है और बेचने के फिराक में है। आरोपी अभिनेश को तलब कर थाना लाया और आरोपी का मेमोरेण्डम कथन लिया जो अपने कथन में अपनी साथी मनीष बसोड, राजेश सोनवानी उर्फ चांदी एवं पीयूष उर्फ किट्टू कुम्हार मोहल्ला सीतामणी के साथ मिलकर जवा कुम्हार मोहल्ला के घर छत के सीट खोलकर उक्त सामानों को चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सभी चोरी गई सामानों को बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

### दुकान में चोरी, हजारों का माल पार

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी शदाब खान उम्र 25 वर्ष पिता नौसाद अहमद खान ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी मां इसरत बेगम के द्वारा बेलगरी बस्ती मेन रोड बालको स्थित केजीएन कोलड्रिंग्स एण्ड आइसक्रीम पार्लर किराना दुकान का संचालन किया जाता है। 18 सितंबर की रात 8 बजे इसरत बेगम उक्त दुकान के शटर में ताला बंद कर अपने घर चली गई थी जो उस दिन रात्रि 11 बजे से 19 सितंबर की सुबह 6 बजे के मध्य उक्त दुकान के शटर में लगे ताला को तोड़कर दुकान के गल्ले में रखे नगदी रकम 15 हजार रुपए, 10 नग साड़ी, 10 नग बच्चों का कपड़ा, 30 किलो वाली बोरी में भरा तीन बोरी चावल, 25 किलो वाला बोरी में भरा तीन बोरी आटा, सिगरेट पैकेट व गुटखा नगदी सहित जुमला कीमती लगभग 35 हजार रुपए के सामानों को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया है। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उनकी पतासाजी शुरु कर दिया है।

## जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज की नौ दिवसीय श्री रामकथा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

परम सौभाग्य एवं हर्ष की बात है कि पूज्य जगतगुरु रामभद्राचार्य महाराज का

**खास बात**

- भवानी मंदिर में 9 दिन तक होगा रामकथा का आयोजन

आगमन जिले में होने जा रहा है। 22 से 30 सितंबर तक भवानी मंदिर परिसर में स्थित भव्य मानस मंदिर जिसमें माता कौशल्या की गोद में शिशु के रूप में प्रभु श्री राम जी विराजमान हैं। इस मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण समारोह के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य का आगमन 21 सितंबर की रात्रि लगभग 11 बजे जिजले में आगमन होगा। को हो रहा है। वे चित्रकूट से चलकर भवानी मंदिर पहुंचेंगे। 22 सितंबर को मां सर्वमंगला मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात 11 बजे कार और बाइक रैली निकाली जाएगी, जो पावर हाउस रोड, टीपीनगर चौक, सीएसईबी चौक कोहड़ियां होते हुए भवानी मंदिर पहुंचेगा। जिसके बाद 22 सितंबर की शाम को 3 बजे दिव्य राम कथा का शुभारंभ होगा जो 7 बजे तक चलेगा। 22 सितंबर पहले दिन श्री राम कथा की महिमा सुनाई जाएगी। 23 सितंबर को भगवान शिव के विवाह की कथा। 24 सितंबर को भगवान श्री राम जन्मोत्सव की कथा, 25 सितंबर को प्रभु श्री राम जी के बाल लीला की कथा, 26 सितंबर को जगतगुरु श्री रामभद्राचार्य जी के द्वारा माता सीता और श्री राम के विवाह कथा, 27 सितंबर को श्री राम और केवट का प्रसंग, 28 सितंबर को श्री राम भरत मिलाप की कथा, 29 सितंबर श्री राम सबरी की कथा, 30 सितंबर को श्रीराम जी का राज्यभिषेक एवम कथा का विश्राम होगा। बाल्यकाल से आंखों की ज्योति न होने के बावजूद अपनी साधना और दिव्य ज्योति से जिन्होंने न सिर्फ सभी धर्म ग्रंथों का अध्ययन किया अपितु कई ग्रंथों की तो स्वयं से रचना भी किया। जिन्होंने रामजन्म भूमि पर ग्रंथों में वर्णित प्रमाण सर्वोच्च न्यायालय में देकर सबको चकित कर दिया।



रामभद्राचार्य




## रजत जयंती गार्डन में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधों का किया रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नगर निगम के बालको जोन अंतर्गत लाल घाट स्थित रजत जयंती गार्डन में निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्यों एवं पार्षद गणों ने विविध प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती बर्ष के उपलक्ष में राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप नगर निगम द्वारा बालको जोन के अंतर्गत आने वाले लाल घाट बस्ती में मुख्य मार्ग के किनारे रजत जयंती गार्डन की स्थापना कराई गई है। रविवार को निगम द्वारा उक्त गार्डन में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल व सरोज शांडिल्य, पार्षद चेतन सिंह मैत्री व मंगल सिंह बंदे ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे। इस मौके पर जोन कमिश्नर एन के नाथ उद्यान अधीक्षक आनंद सिंह राठौर, सहायक अभियंता अभय मिंज सहित निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियो व उपस्थित नागरिकों ने भी वृक्षारोपण करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। इस मौके पर मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल व सरोज शांडिल्य सहित पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण करने, वृक्षारोपण को बढ़ावा देने, रोपित किए गए पौधों के संरक्षण संवर्धन व पर्यावरण के संरक्षण की आवश्यकता बताते हुए इसमें सब की सहभागिता व सहयोग का आग्रह किया।

